राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

73वें गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह

हर्ष, उल्लास और गौरव से मनाया गया गणतंत्र दिवस

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी भी रहे उपस्थित

जयपुर, 26 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश के 73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बुधवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राज्यपाल श्री मिश्र ने इसके उपरान्त परेड का निरीक्षण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी भी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के भव्य समारोह में हाडीरानी महिला बटालियन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, एसडीआरएफ, जीआरपी, चौदहवीं बटालियन आरएसी, बॉर्डर होमगार्ड, अरबन होमगार्ड, कारागृह आदि की प्लाटून ने परेड में हिस्सा लिया। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी श्री मनीष कुमार ने किया।

कोविड प्रोटोकॉल के बीच गणतंत्र दिवस के आयोजन में लोक कलाकारों और पुलिस बैंड द्वारा मनोहारी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। स्टेडियम में जब लंगा लोक कलाकारों ने संत नरसी मेहता रचित और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये...' गाया तो पूरा माहौल ही मानो बापू की स्मृतियों से ओत–प्रोत हो गया। विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों ने नृत्य एवं गायन की समधुर प्रस्तुतियों से गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित हर विशिष्ट एवं आमजन को अपने रंग में सराबोर कर दिया। प्रख्यात रंग निर्देशक भानु भारती के निर्देशन में हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया ।

राजस्थान पुलिस के श्वान दल ने अद्भुत करतब दिखा कर उपस्थित जनसमूह की भरपूर तालियां बटोरी। श्वान सुसैन ने राज्यपाल श्री मिश्र को गुलदस्ता भेंट किया, वहीं एक्शन ड्रिल में श्वानों ने सूर्य नमस्कार, बाधा कूद, मादक पदार्थ की पहचान, अपराधी को पकड़ कर सूझ–बूझ की मिसाल पेश की। अश्वारोही दल ने तेज रफ्तार से घोड़े दौड़ाते हुए टेन्ट पेगिंग के बेहतरीन करतब दिखाये। सेना बैंड एवं सेन्ट्रल पुलिस बैंड ने समवेत स्वर में देशभक्तिपूर्ण धुनों की प्रस्तुतियां दी। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य, पुलिस महानिदेशक श्री एम.एल. लाठर सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने शहीदों को नमन किया – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 73वें गणतंत्र दिवस पर सवाई मानसिंह स्टेडियम के समीप अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया और मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

———